>

Title: Need to take steps to eradicate the Japanese Encephalitis disease in Western Uttar Pradesh.

**श्री हर्ष वर्धन (महाराजगंज, उ.प्र.):** जापान एन्सेफ्लाइटिस पिछले 31 वर्षों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में प्रतिवर्ष हजारों व्यक्तियों की जान ले रहा है। मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में 2005 से 2008 के चार वर्षो की अवधि में 11690 मरीज भर्ती हुये एवं 2631 मरीजों की मृत्यु एन्सेफ्लाइटिस से हुई।

इस महामारी से जिला अस्पतालों, प्राईवेट नर्सिंग होम एवं घर पर मरने वालों की संख्या कम से कम 5 गुना होगी। इस वर्ष 2009 में मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में 14 जून, 2009 तक 334 मरीज एन्सेफ्लाइटिस के भर्ती हुये जिसमें से 81 की मृत्यु हुई। यह महामारी प्रतिवर्ष जून से अक्तूबर तक अधिक सक्रिय रहती है।

इस जानलेवा बीमारी से पूर्वी उत्तर प्रदेश की आम जनता को बचाने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा एन्सेफ्लाइटिस निरोधक कार्यक्रम तत्काल प्रारंभ किया जाना व्यापक जनहित में आवश्यक है।

(